मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-310
08/05/2026

राज्य में वज्रपात, आंधी तूफान/तेज वर्षा से पेड़ गिरने के कारण 07 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- **मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश**

पटना, 08 मई 2026 :– राज्य में वज्रपात से भोजपुर में 01, पटना में 01, समस्तीपुर में 01 और पूर्वी चम्पारण में 01 तथा आंधी तूफान/तेज वर्षा से पेड़ गिरने के कारण दबकर पटना में 02 एवं वैशाली में 01 व्यक्ति की मृत्यु पर मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

******